15 OCT 2019

October-2019 B.A.SEM-1 Examination

(अनिवार्य हिन्दी भाग-१)

[कहानी नई पुरानी-व्याकरण-रचना]

Time : 2:30 (code-22120) Total marks : 70

प्रश्न-1 (अ) **निम्नलिखित संदर्भों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :** 14

क) लोगों को यदि इस घटना का पता लग गया, तो वे किसी ग़रीब पर विश्वास न करेंगे ।

ख) "यह संसार है यार !"– मैंने स्वार्थ की फिलासफी सुनाई–"चलो पहले बिस्तर में गर्म हो लो, फिर किसी और की चिंता करना ।"

अथवा

प्रश्न-1 (अ) 1) '"न आना । मैं अकेला ही बहुत कर गुजरता हूँ । परंतु बुंदेला शरण।गत के साथ घात नहीं करता, इस बात को गाँठ बाँध लेना । 07

2) हम उन नमकहरामों में नहीं हूँ, जो कौड़ियों पर अपना ईमान बेचते फिरते है । आप इस समय हिरासत में हैं । सबेरे आपका कायदे के अनुसार चालान होगा । 07

प्रश्न-1 (ब) **एक-एक वाक्य में उत्तर लिखिए : (कोई चार)** 04

1) दो बाँके' कहानी के लेखक का नाम क्या है ?

2) 'शरण।गत' कहानी किसने लिखी है ?

3) मुंशी वंशीधर किस कहानी का पात्र है ?

4) नमक की गाड़ियाँ किसकी थीं ?

5) 'शरण।गत' कहानी का नायक कौन है ?

6) बाबा भारती के घोड़े का नाम क्या है ?

प्रश्न-2 (अ) 'नमक का दारोगा' कहानी का कथानक लिखिए । 14

अथवा

प्रश्न-2 (अ) 1) 'शरण।गत' कहानी का उदेश्य लिखिए । 07

2) 'अपना-अपना भाग्य' कहानी का शीर्षक स्पष्ट कीजिए । 07

प्रश्न-2 (ब) **एक-एक वाक्य में उत्तर लिखिए : (कोई चार)** 04

1) 'अरे, यार, बजट बिगड़ जायेगा" वाक्य किस कहानी से है ?

2) मुंशी प्रेमचन्द का जन्म कब हुआ था ?

www.mkbuonline.com

www.mkbuonline.com

3) 'दो बांके' कहानी मे किस शहर का वर्णन है ?

4) 'हार की जीत' कहानी के लेखक कौन हैं ?

5) 'अपना-अपना भाग्य' कहानी में किस शहर का वर्णन है ?

6) 'डाची' कहानी के लेखक कौन हैं ?

प्रश्न-3 (अ) संज्ञा की परिभाषा देकर, उसके प्रकार उदाहरण सहित लिखिए । 14

अथवा

प्रश्न-3 (अ) 1) विरामचिह्नों की परिभाषा देकर, प्रकार लिखिए । 07

2) सर्वनाम की परिभाषा देकर, उसके प्रकार लिखिए । 07

प्रश्न-3 (ब) **सुचनानुसार उत्तर लिखिए : (कोई तीन)** 03

1) 'गंगा' शब्द में कौन-सी संज्ञा है ?

2) 'शिक्षक ने कहा शांत रहो '–वाक्य को उचित विरामचिह्न के साथ लिखो ।

3) 'तुम क्या खा रहे हो ?'-इस वाक्य मे कौन-सा सर्वनाम है ?

4) 'बुढापा' शब्द की संज्ञा लिखिए ।

5) 'राम लक्षमण भरत और शत्रुध्न आए'-वाक्य में उचित विराम चिह्न का प्रयोग कीजिए ।

प्रश्न-4 (अ) **मुद्दों के आधार पर कहानी लिखिए :** 14

बूढ़ा किसान--चार बेटे--चारों आलसी--किसान हमेशा दुखी और चिंतित--किसान मृत्युशय्या पर--बेटों से कहना, "खेत में धन"--किसान की मृत्यु--बेटों का खेत की खुदाई करना--कुछ न मिलना--खेत में बीज बोना--अच्छी फसल----पिता की बात का अर्थ समझ में आना---सीख ।

अथवा

प्रश्न-4 (अ) **विचार पल्लवन कीजिए :**

1) 'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत ।' 07

2) 'परिश्रम ही पारसमणि है ।' 07

प्रश्न-4 (ब) **एक-एक वाक्य में उत्तर लिखिए : (कोई तीन)** 03

1) यह कोई नया काम नहीं है । --सर्वनाम का प्रकार लिखिए ।

2) उसने कुछ नहीं खाया । --सर्वनाम का प्रकार लिखिए ।

3) मुझे एक लिटर दूध चाहिए । -संज्ञा का प्रकार लिखिए ।

4) 'गांधीजी' महान थे' में कौन-सी संज्ञा है ?

5) मैंने दालरोटी और दहीबड़ा खाया'-वाक्य में विरामचिह्न का प्रयोग कीजिए ।

www.mkbuonline.com